आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 10.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा क्षेत्र में निवेश का आह्वान करते हुए कहा कि यह समाज की सेवा करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात कर द्वीपों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- श्री विजयपुरम में अट्ठारह से बाईस नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- स्कूली छात्रों में देशभक्ति और एकता की भावना उत्पन्न करने के लिए पूरे देश में स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन चयन ट्रॉयल आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा में निवेश समाज सेवा का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है जिससे मानव संसाधन समृद्ध होता है और वर्तमान तथा भविष्य सुरक्षित बनता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वास्तव में समाज सेवा है। श्री धनखड़ ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एन आई टी के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा को व्यापार के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक कर्त्तव्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने में शोध और नवाचार मुख्य तत्व हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षिक संस्थानों को शोध और नवाचार के लिए अपनी क्षमता का प्रयोग करना चाहिए।

<><><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार कल राज निवास में उत्तराखंड का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में उत्तराखंड से आए लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संवाद और अनुभव साझा करने का सत्र भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखंड पर एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाई गई।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने उप–राज्यपाल के समक्ष द्वीपों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने अनिम्स को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ एकीकृत करने का अनुरोध किया। उप–राज्यपाल ने इस मामले को केन्द्रीय सरकार की मंजूरी के लिए भेजने का आश्वासन दिया। सांसद ने भूमि से जुड़े मुद्दों को भी उप–राज्यपाल के समक्ष रखा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में अट्ठारह से बाईस नवम्बर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण कोलकाता के न्यायिक सदस्य के. हरिपाल और प्रशासनिक सदस्य अनिन्दो मजूमदार कैट के समक्ष लम्बित मामलों का निपटान करेंगे। नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। विभाग, जिनके मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उनसे मामलों से जुड़े दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता से संपर्क करने को कहा गया है। विभाग प्रमुखों से भी ट्रिबुनल में सुनवाई के दौरान अपने नोडल अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है, ताकि वे सरकारी वकील की सहायता कर सके।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से स्कूली छात्रों में देशभक्ति और एकता की भावना उत्पन्न करने के लिए पूरे देश में स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। समग्र शिक्षा द्वारा हाल ही में बॉयस स्कूल में राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लड़के और लड़कियों दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ स्कूल बैंड का चयन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्रों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पूरी भावना और दृढ़ संकल्प के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में लड़कों की श्रेणी में तीन टीमों और लड़कियों की श्रेणी में चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णय नौसेना, सेना और पुलिस विभागों के प्रतिष्ठित बैंड मास्टर्स द्वारा किया गया था। गर्ल्स बैंड ट्रूप में, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहले स्थान पर रहा, जबकि मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पीएम श्री बम्बूफ्लाट दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लड़कों के बैंड दल में विवेकानंद केंद्र विद्यालय पहले, निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दूसरे और बॉयस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तीसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह में शिक्षा सचिव एल. कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी और बच्चों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग कार निकोबार की ओर से प्रियदर्शिनी हॉल में अंचल स्तरीय विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकोबार ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि थी, जबकि आदिवासी परिषद के अध्यक्ष लियोनाल्ड निकोमेडे सम्माननीय अतिथि थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि ने जिले के युवाओं द्वारा रचनात्मक सोच, नवाचार और छात्रों के विज्ञान के प्रति रूचि की सराहना की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, नई तकनीक और निकोबार द्वीपसमूह के विशिष्ट पर्यावरणीय मुद्दों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तीनों कलस्टर संसाधन केन्द्र –सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लपाती, मलाका और सवाई के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, कला और शिल्प श्रेणियों में आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए। मॉडलों का मूल्यांकन जूरी सदस्यों के एक पैनल द्वारा किया गया। इससे पहले, शिक्षा अधिकारी एच. नथानिएल ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्कूल की उप–प्रधानाचार्या एवरलिन ने चयनित छात्रों और शिक्षकों को श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले आगामी राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में विभागाध्यक्ष, शिक्षक, छात्र और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन नौ वर्ष और तेरह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रॉयल आयोजित करेगा। यह ट्रॉयल इस महीने की तेइस और चौबीस तारीख को डेयरी फार्म के शतरंज केन्द्र में आयोजित होगी। नौ वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप महाराष्ट्र में, जबकि तेरह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए महाराष्ट्र में अगले महीने होगी। दोनों आयु वर्गों में लड़के और लड़कियों की श्रेणी में दो–दो खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ियों को बीस नवम्बर तक डेयरी फार्म स्थित चेस केन्द्र के कार्यालय में प्रविष्टियां जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

निकोबार पुलिस की ओर से अवैध शराब के निर्माण और वितरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हाल ही में नौ सौ बीस लीटर लाहन ज़ब्त किया गया। उप–निरीक्षक जे आर कृष्णा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मलाका गांव में छापा मारा। छापेमारी के दौरान इमैनुअल और सैमसन नामक दो व्यक्तियों को चार लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। निकोबार ज़िला पुलिस ने लोगों से किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों की जानकारी साझा करने को कहा है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में 'भारी वाहन चालक और स्टोर अटेंडेंट' के पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा बाईस नवम्बर और एक तथा दो दिसम्बर को निर्धारित की गई है। उम्मीदवार कल शाम से प्रशासन के भर्ती पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>